(1487)

श्री रितुराज कुमार, माननीय सदस्य, बिहार विधान सभा से प्राप्त तारांकित प्रश्न सं०–18/2/678 का उत्तर प्रतिवेदन

क्र० सं०	तारांकित प्रश्न संख्या–18/2/678	उत्तर प्रतिवेदन
1	क्या यह बात सही है कि जहानाबाद जिलान्तर्गत घोसी विधान सभा में फल्गु नदी से प्रभावित क्षेत्रों में घोसी प्रखंड सर्वाधिक प्रभावित होता है तथा पूर्व में बाढ़ नियंत्रण का मुख्यालय घोसी में अवस्थित था, यदि हाँ, तो सरकार बाढ़ मुख्यालय को एकंगरसराय से पुनः घोसी स्थानान्तरित करने का विचार रखती है, हाँ, तो कब तक, नहीं, तो क्यों ?	आंशिक स्वीकारात्मक। वस्तुस्थिति यह है कि फल्गु नदी जहानाबाद जिला के हुलासगंज प्रखण्ड स्थित उदेरास्थान बराज से घोषी प्रखंड होते हुए मोदनगंज प्रखण्ड स्थित मंडई वीयर तक कुल 24 कि०मी० लंबाई में प्रवाहित होती है। फल्गु नदी में अत्यधिक जलश्राव की स्थिति में घोषी एवं मोदनगंज प्रखण्ड आंशिक रूप से प्रभावित होता है, जिसके सुरक्षार्थ बाढ़ पूर्व एवं बाढ़ अवधि में आवश्यक कार्य बाढ़ नियंत्रण एवं जल निस्सरण प्रमंडल, एकंगरसराय द्वारा कराया जाता है। विदित है कि विभागीय अधिसूचना संख्या–1195 दिनांक 24.05.2016 के द्वारा पुनगर्ठन के क्रम में दिनांक 01.06.2016 से बाढ़ नियंत्रण एवं जल निस्सरण प्रमंडल का मुख्यालय एकंगरसराय प्रभावी है, तथा विभागीय आदेश संख्या–1225 दिनांक 31.05.2016 द्वारा जल पथ प्रमंडल, एकंगरसराय (पुराना जल पथ प्रमंडल, एकंगरसराय) को बाढ़ नियंत्रण एवं जल निस्सरण से संबंधित सभी कार्यों को सौपने का आदेश निर्गत है। घोषी प्रखंड मुख्यालय से बाढ़ मुख्यालय एकंगरसराय की दूरी लगभग 19 कि०मी० है। उक्त परिप्रेक्ष्य में बाढ़ के दृष्टिकोण से वर्तमान में निर्धारित मुख्यालय एकंगरसराय उचित प्रतीत होता है। अतः वर्तमान में बाढ नियंत्रण एंव जल निस्सरण का मुख्यालय एकंगरसराय से घोषी स्थानांतरित करने की अवश्यकता नहीं है।

बिहार सरकार

जल संसाधन विभाग

ज्ञापांक :– 26/वि0स0–01–05/2026 पटना/दिनांक :........................

प्रतिलिपिः– उप सचिव (प्रश्न विविध), बिहार विधान सभा सचिवालय, पटना को तारांकित प्रश्न सं0–18/2/678 का अनुमोदित उत्तर प्रतिवेदन पाँच प्रतियों सहित सूचनार्थ एवं आवश्यक कार्रवाई हेतु प्रेषित।

ह0/–

(अनिल कुमार पाण्डेय)

सरकार के उप सचिव

ज्ञापांक :– 26/वि0स0–01–05/2026 पटना/दिनांक :........................

प्रतिलिपिः– उप सचिव, संसदीय कार्य विभाग, बिहार, पटना को सूचनार्थ एवं आवश्यक कार्रवाई हेतु प्रेषित।

ह0/–

(अनिल कुमार पाण्डेय)

सरकार के उप सचिव

ज्ञापांक :– 26/वि0स0–01–05/2026 पटना/दिनांक :........................

प्रतिलिपिः– श्री उत्कर्ष शर्मा, अवर सचिव (प्रबंधन), जल संसाधन विभाग, पटना को सूचनार्थ एवं आवश्यक कार्रवाई हेतु प्रेषित।

ह0/–

(अनिल कुमार पाण्डेय)

सरकार के उप सचिव

ज्ञापांक :– 26/वि0स0–01–05/2026 1401 पटना/दिनांक :13/3/26

प्रतिलिपिः– प्रशाखा पदाधिकारी, प्रभारी प्रशाखा–17, जल संसाधन विभाग, बिहार, पटना एवं कार्यपालक अभियंता, आई0टी0 सेन्टर, जल संसाधन विभाग, बिहार, पटना को सूचनार्थ एवं आवश्यक कार्रवाई हेतु प्रेषित।

13/3/26

(अनिल कुमार पाण्डेय)

सरकार के उप सचिव